दिनांकः 03.10.2023 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य सरकार ने पांच जिलों के कलेक्टर सहित भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के बीस–बीस अधिकारियों का तबादला किया।
- केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 5 अक्टूबर को प्रस्तावित प्रदेश दौरे को लेकर राज्य की जनता में उत्साह।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हल्दी किसानों के लाभ के लिए राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना की घोषणा की है।
- केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा–अंतरिक्ष अनुसंधान में भारत का कद लगातार बढ़ रहा है, इसरो वैज्ञानिकों को किया सम्मानित।

.............

राज्य सरकार ने कल पांच जिलों के कलेक्टर सहित भारतीय प्रशासनिक सेवा के बीस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इसके अलावा छह जिलों के पुलिस अधीक्षकों सहित भारतीय पुलिस सेवा के बीस अधिकारियों का तबादला किया गया है। इनमें दो डीआईजी रैंक के अधिकारी भी शामिल हैं। आरूषि मलिक को जयपुर का नया संभागीय आयुक्त बनाया गया है। कृष्ण कुणाल को अल्प संख्यक मामलात और वक्फ विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। संदेश नायक को राजफैड में प्रबंध निदेशक के पद पर और खजान सिंह को राजस्थान कर बोर्ड के सदस्य के पद पर लगाया गया है। वहीं विश्व मोहन शर्मा को केकड़ी जिला कलेक्टर, गौरव अग्रवाल को चित्तौडगढ़, हनुमान मल ढाका को खैरथल–तिजारा, बचनेश कुमार अग्रवाल को झुंझुनूं और डॉक्टर ओम प्रकाश बैरवा को टोंक जिले का कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

............

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 5 अक्टूबर को प्रस्तावित प्रदेश दौरे को लेकर यहां के निवासियों में उत्साह है। कल जोधपुर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री पश्चिम राजस्थान को हजारों करोड़ रुपए की सौगात देंगे। इनमें जोधपुर के एम्स में नया ट्रोमा सेंटर और हवाई अड्डा विस्तार के कार्यों का शिलान्यास और आईआईटी में नए शैक्षणिक कार्यों का उद्घाटन शामिल है। इसके अलावा प्रधानमंत्री रेल और सड़क संबंधी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। श्री शेखावत ने ने कहा कि पीएम के दौरे को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

..............

जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय, फसलों को कटाई के बाद होने वाले नुकसान को रोकने, फसलों को रोगों से बचाने और अधिक पैदावार वाली फसलों पर अनुसंधान कर रहा है। इसके लिए जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय और मुंबई के भाभा आणविक अनुसंधान संस्थान मिलकर रेडिएशन टेक्नोलॉजी से जीरा और ईसबगोल की नई किस्में विकसित करने पर शोध कर रहे हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

-------------

जयपुर में 19 अक्टूबर से किसान कृषि मेला आयोजित किया जाएगा। तीन दिन के इस मेले में प्रदेश के बीस हजार से ज्यादा किसानों के भाग लेने की संभावना है। मेले में उन्नत प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया जायेगा। इसके साथ ही कृषि उद्योग और प्राधिकारियों की भागीदारी भी इस किसान कृषि मेला में रहेगी। इस दौरान किसान गोष्ठी का भी आयोजन किया जायेगा। यह गोष्ठी तीनों दिन अलग–अलग विषयों पर होगी। इसके साथ ही किसान कनेक्ट एप भी लांच किया जायेगा।

...............

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिले स्मृति चिन्हों की ई–नीलामी आम जनता के लिए शुरु हो गई है। बोलियां इस महीने की 31 तारीख तक जारी रहेंगी। इस नीलामी से एकत्रित धनराशि गंगा नदी को पुनर्जीवित करने के लिए नमामि गंगे परियोजना पर खर्च की जाएगी। नीलामी के इस 5वें संस्करण में 100 रुपये से लेकर 65 लाख रुपये तक के स्मृति चिन्ह उपलब्ध हैं। नई दिल्ली में नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट में इन स्मृति चिन्हों की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई है। इसमें ऐसे डेढ़ सौ से अधिक स्मृति चिन्ह हैं, जो राष्ट्र की सांस्कृतिक जीवंतता की झलक प्रदान करते हैं।

..............

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हल्दी किसानों की जरूरतों और उनके लाभ के लिए राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना की घोषणा की है। श्री मोदी ने किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा कि यह बोर्ड आपूर्ति श्रृंखला में मूल्यवर्धन से लेकर बुनियादी ढांचे से संबंधित कार्यों तक विभिन्न क्षेत्रों में किसानों की मदद करेगा। बोर्ड की स्थापना के लाभों के संबंध में निजामाबाद से सांसद अरविंद धर्मपुरी की एक पोस्ट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कल एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि किसानों की भलाई और समृद्धि हमेशा सरकारी की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। श्री मोदी ने आश्वासन दिया कि सरकार हल्दी किसानों का उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करती रहेगी।

.............

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लोगों से अंगदान के लिए शपथ लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भव अभियान के तहत 50 हजार से अधिक लोगों ने अंग दान करने का संकल्प लिया है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पिछले महीने गुजरात के गांधीनगर से इस अभियान की शुरुआत की थी।

...............

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा है कि अंतरिक्ष अनुसंधान में भारत का कद लगातार बढ़ रहा है और अब देश अंतरिक्ष शासक वर्ग के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहा है। कल नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में इसरो वैज्ञानिकों को सम्मानित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के रहते हुए भी अब इसरो को दुनिया की अग्रणी अंतरिक्ष एजेंसी माना जाता है।

-------------

उन्होंने कहा कि भारत को कमजोर मानने वाले अमरीका और रूस जैसे देश अब भारत के साथ साझेदारी करना चाहते हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि भारत को देश के समृद्ध पारंपरिक ज्ञान का अतिरिक्त लाभ मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिक्ष अनुसंधान को बढ़ावा देने में पारदर्शिता बढ़ी है और नागरिकों के बीच इसकी लोकप्रियता भी बढ़ी है।

.................

एनसीसी की 7 राज बटालियन के अधीन बीकानेर के राजकीय पॉलीटेक्निक और राजकीय डूंगर महाविद्यालय के कैडेट्स ने कल शत–प्रतिशत मतदान करने और इसके लिए दूसरों को जागरूक करने की शपथ ली। एनसीसी के कैप्टन एस.एल. राठी ने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर कैडेट्स ने गांधी पार्क में सफाई की। इस मौके पर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गयीं। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक ने वोटर हेल्पलाइन और सी विजिल विभिन्न मोबाइल ऐप्स के बारे में जानकारी दी।

................

राज्य सरकार ने प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में विकास कार्यों के लिए तीन सौ करोड़ रुपये के अतिरिक्त वित्तीय प्रावधान को मंजूरी दी है। इस राशि से चिकित्सा संस्थानों में 17 बड़े निर्माण कार्यों सहित कई विकास कार्य करवाए जाएंगे। वहीं राजस्थान मदरसा बोर्ड से पंजीकृत मदरसों के विद्यार्थियों को प्रति विद्यार्थी दो जोड़ी स्कूल यूनीफॉर्म दी जाएगी।

................